## न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्डाधिकारी, नोहर जिला हनुमानगढ

पीठासीन अधिकारी का नाम : **पंकज गढ़वाल (आर0ए0एस0)**

प्रकरण संख्या – 1105/2024

अनवान : –

1.असमित पुत्र संतलाल जाति जाट निवासी गोगामेड़ी तहसील नोहर जिला हनुमानगढ़।

—— **वादी**

**बनाम**

1. मीरा पत्नी जगदीश जाति जाट निवासी गोगामेड़ी तहसील नोहर जिला हनुमानगढ़।
2. ईश्वर सिंह पुत्र जगदीश जाति जाट निवासी गोगामेड़ी तहसील नोहर जिला हनुमानगढ़।
3. सूरजपाल पुत्र जगदीश जाति जाट निवासी गोगामेड़ी तहसील नोहर जिला हनुमानगढ़।
4. शर्मीला पुत्री जगदीश जाति जाट निवासी गोगामेड़ी तहसील नोहर जिला हनुमानगढ़।
5. सुमन पुत्री जगदीश जाति जाट निवासी गोगामेड़ी तहसील नोहर जिला हनुमानगढ़।
6. संतलाल पुत्र नानुराम जाति जाट निवासी गोगामेड़ी तहसील नोहर जिला हनुमानगढ़।
7. बजरंग पुत्र संतलाल जाट निवासी गोगामेड़ी तहसील नोहर जिला हनुमानगढ़।
8. राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार (राजस्व) नोहर।

—— **प्रतिवादीगण**

**दावा बाबत अन्तर्गत धारा 88–89 ,राजस्थान काश्त0 अधि0 1955**

उपस्थिति :– श्री रविन्द्र कुमार गोदारा अधिवक्ता **वादी**

**पेरोकार राज**

**निर्णय** दिनांकः 09/12/2024

संक्षेप में तथ्य इस प्रकार से है कि वादी ने जरिये अधिवक्ता यह वाद अन्तर्गत धारा 88 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 के तहत इस आशय का पेश किया है कि वादी एवं प्रतिवादीगण की दादा लाई खातेदारी कृषि भूमि रोही मौजा 5 जीजीएम तहसील नोहर के जमाबन्दी सम्वत 2070–2073 के खाता संख्या 232/27 के कुल खसरे 3 की कुल तादादी 0.2770 है0 भूमि में प्रतिवादी संख्या 1 ता 5 प्रत्येक का 1/10 हिस्सा दर्ज राजस्व रिकार्ड है।

उपरोक्त भूमि बाबत वादी व प्रतिवादीगण समझोता किया हुआ है जिसके अनुसार प्रतिवादी संख्या 1 ता 5 उपरोक्त भूमि में कोई हक हिस्सा नहीं लेना चाहते है तथा उपरोक्त भूमि में प्रतिवादी संख्या 1 ता 5 का जो भी हक हिस्सा है वह वादी के पक्ष में परित्याग कर चुके है तथा प्रतिवादी संख्या 1 ता 5 का उपरोक्त भूमि में कोई हक हिस्सा शेष नहीं बचा है बाद हक त्याग रोही मौजा 5 जीजीएम तहसील नोहर के जमाबन्दी सम्वत 2070–2073 के खाता संख्या 232/27 के कुल खसरे 3 की कुल तादादी 0.2770 है0 भूमि में से प्रतिवादी संख्या 1 ता 5 प्रत्येक के नाम दर्ज 1/10 हिस्सा भूमि में वादी काबिज है। वादी जिसकी न्यायालय से घोषणा करवाकर राजस्व रिकार्ड में दर्ज करवा पाने का अधिकारी है। यही विनाय दावा है।

Signature Not Verified
Digitally signed by Pankaj Garhwal
Date: 2024.12.18 15:36:37 IST
Reason: SelfAttested

...खण्ड अधिकारी
नोहर

वादी ने प्रतिवादीगण को कई दफा कहा कि वादी के हक व हिस्सा की भूमि को उनके नाम राजस्व रिकार्ड में दर्ज करवा देवे तो कुछ दिन तक आजकल आजकल करते रहे किन्तु अन्त में इन्कार हो गये इसलिए यह वाद पेश किया गया है।

अतः वादी का वाद डिक्री किया जाकर घोषणा की जावें की वादी के हक हिस्सा की भूमि है जिसे अपने बाहमी बंटवारे के अनुसार राजस्व रिकार्ड में दर्ज करवा पाने के अधिकारी है। वादी का वाद डिक्री फरमाया जावें।

वाद पेश होने पर दर्ज रजिस्टर किया जाकर प्रतिवादीगण को जरिये सम्मन तलब किया गया। सम्मन तामील होने के बाद प्रतिवादी सं0 1 ता 7 ने जरिये अधिवक्ता वादी के वाद को स्वीकार करते हुए इकबाल दावा पेश किया जाकर निवेदन किया की वाद वादी मुताबिक अनुतोष डिक्री किया जाता है तो प्रतिवादीगण संख्या 1 ता 7 को कोई ऐतराज नही है। प्रतिवादी संख्या 8 पेरोकार राज ने जवाब पेश किया जो की शामिल मिसल किया गया। वादी ने वाद के समर्थन में बतौर दस्तावेजी साक्ष्य नवीनतम जमाबंदी पेश की जो की शामिल मिसल की गई।

प्रकरण में प्रतिवादीगण का इकबाल प्रस्तुत होने के कारण तनकी की आवश्यकता नही रही साक्ष्य में वादी के द्वारा शपथ पत्र पेश किया गया जिस पर प्रतिवादीगण के द्वारा जिरह नही करने के कारण जिरह शुन्य रही तत्पश्चात उभयपक्षों की बहस सुनी गई।

बहस वकील उभयपक्षकारान सुनी गई। दौराने बहस वकील वादी ने कथन किया कि उक्त वाद भूमि वादी की दादालाई कृषि भूमि है रोही मौजा 5 जीजीएम तहसील नोहर के जमाबन्दी सम्वत 2070–2073 के खाता संख्या 232/27 के कुल खसरे 3 की कुल तादादी 0.2770 है0 भूमि में प्रतिवादी संख्या 1 ता 5 प्रत्येक का 1/10 हिस्सा दर्ज राजस्व रिकार्ड है। उपरोक्त भूमि बाबत वादी व प्रतिवादीगण समझोता किया हुआ है जिसके अनुसार प्रतिवादी संख्या 1 ता 5 उपरोक्त भूमि में कोई हक हिस्सा नहीं लेना चाहते है तथा उपरोक्त भूमि में प्रतिवादी संख्या 1 ता 5 का जो भी हक हिस्सा है वह वादी के पक्ष में परित्याग कर चुके है तथा प्रतिवादी संख्या 1 ता 5 का उपरोक्त भूमि में कोई हक हिस्सा शेष नहीं बचा है बाद हक त्याग रोही मौजा 5 जीजीएम तहसील नोहर के जमाबन्दी सम्वत 2070–2073 के खाता संख्या 232/27 के कुल खसरे 3 की कुल तादादी 0.2770 है0 भूमि में से प्रतिवादी संख्या 1 ता 5 प्रत्येक के नाम दर्ज 1/10 हिस्सा भूमि में वादी काबिज है। प्रतिवादीगण द्वारा वादी के वाद को स्वीकार किया जाकर ईकबाल पेश किया जा चुका है अर्थात वादी के वाद के संबंध में कोई एतराज नही है। अतः वादी का वाद डिक्री फरमाया जावें।

पेरोकार राज ने निवेदन किया की वादी ने दादालाई/पैतृक सम्पति का वाद पेश किया है वादी के साक्ष्य सबूतों के आधार पर राज्यहकों को सुरक्षित रखते हुए वाद का निस्तारण फरमावें।

Signature Not Verified
Digitally signed by Pankaj Garhwal
Date: 2024.12.18 15:36:37 IST
Reason: SelfAttested

हमारे द्वारा अभिभाषकगण की बहस सुनी गई तथा पत्रावली में प्रस्तुत दस्तावेजों का अवलोकन किया गया। वाद में प्रस्तुत रिकार्ड के अनुसार रोही मौजा 5 जीजीएम तहसील नोहर के जमाबन्दी सम्वत 2070–2073 के खाता संख्या 232/27 के कुल खसरे 3 की कुल



उपखण्ड अधिकारी
नोहर

तादादी 0.2770 है0 भूमि में प्रतिवादी संख्या 1 ता 5 प्रत्येक का 1/10 हिस्सा दर्ज राजस्व रिकार्ड है, वादी द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों से उक्त वाद भूमि पैतृक भूमि होना साबित है तथा उभयपक्ष ने भी उक्त वाद भूमि हिन्दु परिवार की साझा आय से अर्जित पैतृक कृषि भूमि होना जाहिर किया है। वादी द्वारा पत्रावली में दर्शाये गये सजरा खानदान नानुराम के अन्य कोई वारिस नही होना स्वीकार किया गया है। प्रतिवादीगण द्वारा वादी के वाद को स्वीकार करते हुए ईकबाल पेश किया गया है कि वाद वादी मुताबिक अनुतोष डिक्री किया जाता है तो प्रतिवादी संख्या 1 ता 7 को कोई एतराज नही है। अतः वाद वादी साक्ष्य सबूतों एवं प्रतिवादीगण की सहमति के आधार पर साबित होने के कारण मुताबिक अनुतोष स्वीकार योग्य है।

अतः वाद वादी साक्ष्य सबूतों तथा प्रतिवादीगण की सहमति के आधार पर साबित होने के कारण वाद वादी मुताबिक अनुतोष डिक्री किया जाता है तथा घोषणा की जाती है कि रोही मौजा 5 जीजीएम तहसील नोहर के जमाबन्दी सम्वत 2070–2073 के खाता संख्या 232/27 के कुल खसरे 3 की कुल तादादी 0.2770 है0 भूमि में प्रतिवादी संख्या 1 ता 5 का नाम कलमजन किया जाकर वादी को बतौर खातेदार काश्तकार घोषित किया जाता है। इसी अनुसार राजस्व रिकार्ड में अंकन करते हुए इजराय प्रार्थना पत्र के संलग्न 500/– रू का स्टाम्प तकमीलन शामिल किया जावें। यदि कृषि भूमि बैंक रहन है तो रहन मुक्त होने के बाद तथा किसी सक्षम न्यायालय आदि का स्थगन आदेश न हो तो उपरोक्तानुसार राजस्व रिकार्ड में अमल दरामद कर रिकार्ड दुरूस्त करे। खर्चा उभयपक्षकारान अपना अपना वहन करे। इसी आशय की पर्चा डिक्री जारी की जाकर शामिल मिसल की गई। पत्रावली नम्बर से कम की जाकर तरतीब तकमील जाब्ता दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक 09/12/2024 को मेरे द्वारा लिखवाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(पंकज गढ़वाल R.A.S)
उपखण्ड अधिकारी (राजस्व)
एवं सहायक कलक्टर
नोहर

Signature Not Verified

Digitally signed by Pankaj Garhwal
Date: 2024.12.18 15:36:37 IST
Reason: SelfAttested

# पर्चा डिक्री

## न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्डाधिकारी, नोहर जिला हनुमानगढ

पीठासीन अधिकारी का नाम : **पंकज गढ़वाल (आर0ए0एस0)**
प्रकरण संख्या – 1105 / 2024
अनवान : –

1.असमित पुत्र संतलाल जाति जाट निवासी गोगामेड़ी तहसील नोहर जिला हनुमानगढ़।

—— **वादी**

**बनाम**

1. मीरा पत्नी जगदीश जाति जाट निवासी गोगामेड़ी तहसील नोहर जिला हनुमानगढ़।
2. ईश्वर सिंह पुत्र जगदीश जाति जाट निवासी गोगामेड़ी तहसील नोहर जिला हनुमानगढ़।
3. सूरजपाल पुत्र जगदीश जाति जाट निवासी गोगामेड़ी तहसील नोहर जिला हनुमानगढ़।
4. शर्मीला पुत्री जगदीश जाति जाट निवासी गोगामेड़ी तहसील नोहर जिला हनुमानगढ़।
5. सुमन पुत्री जगदीश जाति जाट निवासी गोगामेड़ी तहसील नोहर जिला हनुमानगढ़।
6. संतलाल पुत्र नानुराम जाति जाट निवासी गोगामेड़ी तहसील नोहर जिला हनुमानगढ़।
7. बजरंग पुत्र संतलाल जाट निवासी गोगामेड़ी तहसील नोहर जिला हनुमानगढ़।
8. राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार (राजस्व) नोहर।

—— **प्रतिवादीगण**

**वाद अन्तर्गत धारा 88 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955**
**राजस्व वाद संख्या 1105 सन 2024 निर्णय दिनांक** – 09/12/2024

आज यह वाद मुझ पंकज गढ़वाल उपखण्ड अधिकारी एवं सहायक कलक्टर नोहर के समक्ष वकील वादी श्री रविन्द्र कुमार गोदारा एवं राज पेरोकार की उपस्थिति में निर्णयार्थ/अंतिम निपटारे हेतु प्रस्तुत होने पर वाद वादी साक्ष्य सबूतों तथा प्रतिवादीगण की सहमति के आधार पर साबित होने के कारण वाद वादी मुताबिक अनुतोष डिक्री किया जाता है तथा घोषणा की जाती है कि रोही मौजा 5 जीजीएम तहसील नोहर के जमाबन्दी सम्वत 2070–2073 के खाता संख्या 232/27 के कुल खसरे 3 की कुल तादादी 0.2770 है0 भूमि में प्रतिवादी संख्या 1 ता 5 का नाम कलमजन किया जाकर वादी को बतौर खातेदार काश्तकार घोषित किया जाता है। इसी अनुसार राजस्व रिकार्ड में अंकन करते हुए इजराय प्रार्थना पत्र के संलग्न 500/– रू का स्टाम्प तकमीलन शामिल किया जावें। यदि कृषि भूमि बैंक रहन है तो रहन मुक्त होने के बाद तथा किसी सक्षम न्यायालय आदि का स्थगन आदेश न हो तो उपरोक्तानुसार राजस्व रिकार्ड में अमल दरामद कर रिकार्ड दुरूस्त करे। खर्चा उभयपक्षकारान अपना अपना वहन करे।

यह पर्चा डिक्री आज दिनांक 09/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी की गई।

Signature Not Verified
Digitally signed by Pankaj Garhwal
Date: 2024.12.18 15:36:37 IST
Reason: SelfAttested

(पंकज गढ़वाल R.A.S)
उपखण्ड अधिकारी (राजस्व)
एवं सहायक कलक्टर
नोहर